# जुगसलाई वासियों को नए साल "2022" में मिलेगी कई सौगातें

## जनता को लोकार्पित होंगे तीन भवन, पहले कन्वेन्शन सेंटर का किया जा रहा है निर्माण

# नए साल 2022 में शहर को सौगात ही सौगात

## जनता को लोकार्पित होंगे तीन नए भवन

- नए रूप में दिखेगी जुगसलाई नगर परिषद
- साकची स्ट्रेट माइल रोड पर डीएम लाइब्रेरी
- कदमा फूड प्लाजा कन्वेंशन सेंटर भी खुल जाएगा



जुगसलाई नगरपरिषद भवन का प्रस्तावित नक्शा.



डीएम लाइब्रेरी का निर्माणाधीन भवन.



बन जाने पर ऐसा दिखेगा डीएम लाइब्रेरी भवन.

स्टोरी-2022

उदित वाणी विशेष

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर वासियों के लिए नया साल 2022 कई सौगातें ले कर आने वाला है जिससे लोगों को नई सुविधाएं तो मिलेंगी ही, जीवन भी आसान होगा. शहर के लोगों को तीन अत्याधुनिक सार्वजनिक भवन मिलेंगे. इनके बनने से लोगों को कई सुविधाएं तो मिलेंगी ही साथ ही शहर के लिए भी ये भवन अपने आप में माइलस्टोन भी साबित होंगे. जाहिरा तौर पर शहर की खास पहचान में ये भवन नया पन्ना जोड़ेंगे.

### जुगसलाई नगर परिषद में लोगों को मिलेंगी नई सुविधाएं

जुगसलाई नगर परिषद का नया अत्याधुनिक बहुद्देशीय भवन 6.2 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है. यह पांच मंजिला भवन जुगसलाई वासियों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा. जुगसलाई नगर परिषद के विशेष कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव ने बताया कि जुगसलाई नगर परिषद का गठन 1924 में हुआ था. तब इसका कार्यालय एक छोटे से मकान में चलता था. जुगसलाई नगर परिषद का क्षेत्रफल काफी कम है, लेकिन आबादी घनी है. यहां की जनसंख्या लगभग 60 हजार है. नागरिक सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी नगर परिषद की है, लेकिन मौजूदा भवन में कर्मचारियों के बैठने तक के लिए पर्याप्त स्थान नहीं हैं. इसी वजह से बहुद्देशीय भवन का निर्माण कराया जा रहा है.

भवन का ऐसा होगा प्रारूप

भवन के निचले तल में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जहां करीब 60 वाहन एकसाथ रह सकेंगे. इसके ऊपर ग्राउंड फ्लोर में पब्लिक यूटिलिटी के लिए चैंबर रहेंगे. होल्डिंग टैक्स, जल-कर, सफाई, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास, एनयूएलएम, जन्म-मृत्यु पंजीकरण आदि से संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने के लिए कक्ष होंगे. प्रथम तल पर प्रशासनिक पदाधिकारियों के चैंबर रहेंगे, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, इंजीनियरिंग सेल, एकाउंट्स आदि का कार्यालय रहेगा.

द्वितीय तल पर नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद का चैंबर रहेगा. इसके अलावा पब्लिक लॉबी रहेगी, जहां आम जनता के बैठने, पीने के पानी से लेकर शौचालय तक की सुविधा रहेगी. तृतीय तल पर नगर परिषद की ओर से वैसे लोगों को प्राथमिकता के आधार पर दुकान बनाकर दी जाएगी जिनके नाम से 1994 में दुकानें आवंटित की गई थीं. चतुर्थ तल का इस्तेमाल व्यावसायिक हॉल के रूप में किया जाएगा. इच्छुक व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य व्यवसाय करने वालों को किराये पर दिया जाएगा.

**निर्माण कार्य पूरा होने का समय**

- जुगसलाई नगर परिषद : जुलाई 2022
- डीएम मदन लाइब्रेरी : जून 2022
- कदमा कन्वेंशन सेंटर : फरवरी 2022

### मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में ऊपर लाइब्रेरी, नीचे दुकानें

साकची स्ट्रेट माइल रोड पर 1936 में बनी डीएम लाइब्रेरी के जर्जर भवन की जगह जी प्लस-4 बिल्डिंग बन रही है. 15 करोड़ की लागत से नगर विकास विभाग डीएम लाइब्रेरी को नया लुक दे रहा है. नया लाईब्रेरी भवन का स्ट्रक्चर बन कर तैयार है. नए साल में इस नए भवन को शहर वासियों के लिए खोल दिया जाएगा.

### डीएम लाइब्रेरी का प्रारुप

बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर लाइब्रेरी संचालित होगी. इसमें कुर्सी, टेबुल, सोफा आदि होंगे. छात्रों के लिए भी खास सुविधाएं रहेंगी. यहां डिजीटल लाइब्रेरी बनाने का भी प्रावधान किया गया है. बिल्डिंग के एक फ्लोर पर पार्किंग स्टैंड बनाया जा रहा है. ताकि साकची में वाहनों के खड़े होने से लगने वाले जाम से लोगों को सहूलियत दिलाई जा सके. बिल्डिंग के निचले तल्ले में दुकानें भी बनेंगी. दुकानों का आवंटन कर मासिक किराया लिया जाएगा, जिसे भवन के संचालन व रखरखाव पर व्यय वहन किया जाएगा. भवन में एक वातानुकूलित सभागार भी बनेगा. 24 घंटे की दर से शुल्क निर्धारित कर इसे संगोष्ठी व कार्यक्रम के लिए भाड़े पर दिया जाएगा. सबसे ऊपरी तल पर बैंक्वेट हॉल बनाया जाएगा जिसे शादी विवाह आदि के लिए बुक किया जा सकता है.

### कदमा में शहर का पहला कन्वेंशन सेंटर



12 करोड़ की लागत से शहर का पहला कन्वेंशन सेंटर बनकर लगभग तैयार है, 2022 के जनवरी या फरवरी महीने में इसके उद्घाटन की बात कही जा रही है. कदमा फूड प्लाजा के स्थान पर इसे बनाया गया है. यह करीब डेढ़ एकड़ में बना है. कन्वेंशन सेंटर जी प्लस थ्री के मोड में बनाया गया है. जो पूरी तरह से वातानुकूलित होगा. जिसमें एक ऑडिटोरियम, दो कॉन्फ्रेंस हॉल एक कैफेटेरिया के अलावा बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा होगी. दिल्ली की एजेंसी मेसर्स बसंत देरा एंड एसोसिएट ने इसकी डिजाइन बनाई है. रांची के कांट्रेक्टर विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज ने कनवेंशन सेंटर के पूरे प्रोजेक्ट को बनाया है.

### क्या होगा कनवेंशन सेंटर का पुरा प्रारुप

ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर में कान्फ्रेंस हॉल होगा. सेकेंड फ्लोर में ऑडिटोरियम और थर्ड फ्लोर में कैफेटेरिया बनाया जा रहा है. इसके अलावा सभी फ्लोर में कुछ कमर्शियल स्पेस निकाला जा रहा है जहां व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित किया जाएगा.

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया था शिलान्यास

मल्टीपर्पस कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास 11 फरवरी 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं नगर विकास मंत्री सीपी सिंह ने किया था. 11 फरवरी को जनसंघ के संस्थापक पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि होने के कारण सेंटर का नाम पं. दीन दयाल उपाध्याय मेमोरियल कन्वेंशन सेंटर रखने की घोषणा की गयी थी.